संख्या-85/2368/41-2014-313 सा0/14

प्रेषक

श्याम मोहन तिवारी
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

महानिदेशक
पर्यटन उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक 31 दिसम्बर, 2014

विषय- वाराणसी में अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव के आयोजन हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर आपके पत्र सं0-937/3-लेखा/पुनर्विनियोग (बजट)/2014, दिनांक 19-09-2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद वाराणसी में दिनांक माह सितम्बर, 2014 में आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव के आयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में श्री राज्यपाल महोदय संलग्न विवरण के अनुसार पुनर्विनियोग द्वारा रू0 43.87 लाख (रूपये तैंतालीस लाख सत्तासी हजार मात्र) की धनराशि की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त धनराशि को उपयोग जिस प्रयोजन हेतु स्वीकृत किया जा रहा है, उसे किसी भी दशा में अन्य किसी भी प्रयोजन में व्यय नहीं की जायेगी। ऐसा व्यय जिसके लिये वित्तीय हस्तपुस्तिका तथा बजट मैनुअल के अन्तर्गत शासन या अन्य किसी सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, तो इसके लिये पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के उपरन्त व्यय किया जायेगा।

3- उपरोक्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद तथा शासन को प्रेषित किया जाय।

4- चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 में आयोजनागत पक्ष में लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-09-शिल्पग्राम आगरा का वर्ष पर्यन्त संचालन के मानक मद-42-अन्य व्यय-मद से रू0 50.00 लाख में से रू0 43.87 लाख की धनराशि का उक्त व्यय

http://shasanadesh.up.nic.in

पुनर्विनियोग द्वारा आयोजनेत्तर पक्ष में लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-आयोजनेत्तर-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-05-वाराणसी में अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव का आयोजन-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

5- यह वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-7-1524/दस-2014, दिनांक-17 दिसम्बर, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय

(श्याम मोहन तिवारी)
अनु सचिव।

<u>संख्या-85/2368 (1)/41-2014 तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल) आडिट, उत्तर प्रदेश, सत्यनिष्ठा भवन, 15-ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
4- क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, वाराणसी।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in